दिन– बुधवार | दिनांक– 13/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, मधुबनी, वैशाली और सीवान में ग्रामीण एसपी के पद सृजन की मिली मंजूरी।

02 पश्चिमी एशिया में जारी तनाव से गहराते ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ऊर्जा संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की।

03. केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने आज बारहवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी किया।

04. और, जनगणना में मकान सूचीकरण के तहत दर्ज गलत जानकारी को संशोधित किया जा सकता है। जनगणना निदेशक रंजीता ने साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की अपील की।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल अठारह एजेंडों पर मुहर लगायी गई है। प्रमुख एजेंडों में गृह विभाग की आरक्षी शाखा के तहत राज्य के पांच और नये जिलों में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पदों के सृजन का निर्णय शामिल है। इन जिलों को अपराध और सांप्रदायिक रूप से अत्यंत संवेदनशील बताया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने इस बारे में विस्तृत जानकारी दी है।

———बाइट———

श्री चौधरी ने कैबिनेट बैठक में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता बढ़ोतरी की जानकारी देते हुए बताया कि सातवें वेतनमान वाले कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता अट्ठावन प्रतिशत से बढ़ाकर साठ प्रतिशत कर दिया गया है।

———बाइट———

इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इन वाहनों की खरीद पर सब्सिडी देने की योजना बनाई है। श्री चौधरी ने बताया है कि इलेक्ट्रिक वाहन नीति

दो हजार तेईस के तहत महिलाओं समेत अन्य वर्गों को डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

———बाइट———

इधर, प्रदेश की सरकार ने किशनगंज में सीआईएसएफ ट्रेनिंग सेंटर के लिए एक सौ दस दशमलव एक दो एकड़ जमीन केन्द्रीय गृह मंत्रालय को मुफ्त हस्तनांतरित करने की मंजूरी दी है। उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य के महाविद्यालयों में एक सौ बत्तीस नये पदों के सृजन की मंजूरी भी मिली है।

---

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक स्तर पर गहराते ऊर्जा संकट की आशंकाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ईंधन की खपत कम करने और ऊर्जा संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की है। प्रधानमंत्री के इस आह्वान के बाद केंद्र और राज्य सरकारों ने ईंधन बचत को लेकर ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इस बीच केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने स्पष्ट किया है कि देश में किसी भी पेट्रोलियम उत्पाद की कोई कमी नहीं है। दिल्ली मे संवाददाताओ से बातचीत में उन्होंने बताया कि भारत के पास 60 दिनों का कच्चे तेल का भंडार, 60 दिनों की एलएनजी तथा 45 दिनों का एलपीजी भंडार उपलब्ध है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री की अपील के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी प्रदेश में ऊर्जा संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

———बाइट———

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कारकेड में वाहनों की संख्या न्यूनतम करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही मंत्रीगण, निगम–बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्य, पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों से बिना अतिरिक्त वाहनों के सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की गई है। मुख्यमंत्री ने राज्य की जनता से मेट्रो, बस, ऑटो और अन्य सार्वजनिक परिवहन के अधिकाधिक उपयोग का आग्रह किया है। राज्य सरकार के सभी विभागों को सरकारी बैठकों और कॉन्फ्रेंस को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा सरकारी कैंटीनों में पाम ऑयल के कम इस्तेमाल, सरकारी एवं निजी कार्यालयों में वर्क फ्रॉम होम संस्कृति को बढ़ावा देने तथा सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने की अपील भी की गई है। आकाशवाणी समाचार से मैं निधि श्री।

उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी ने प्रधानमंत्री की पहल को स्वागतयोग्य और प्रशंसनीय बताते हुए कहा कि बचत की मानसिकता विकसित करना समय की आवश्यकता है।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोलियम उत्पादों को बचाने और एक वर्ष तक सोने नही खरीदने की अपील का प्रदेश में आम लोगों ने स्वागत कर सहयोग करने की बात कही है।

———बाइट———

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड—सी.बी.एस.ई. ने आज कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस परीक्षा में 17 लाख 68 हजार से अधिक विद्यार्थी में शामिल हुए थे। इनमें से 15 लाख 7 हजार से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 17 फरवरी से 10 अप्रैल तक आयोजित की गई इस परीक्षा में 88 दशमलव आठ—छह प्रतिशत छात्र और 82 दशमलव एक—तीन प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई। छात्र रोल नंबर डालकर आधिकारिक वेबसाइट, डिजिलॉकर और उमंग ऐप पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

---

जनगणना दो हजार सत्ताईस का पहला चरण दो मई से इकतीस मई तक चलेगा। इसके अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। जनगणना कार्य निदेशालय की मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी सह निदेशक रंजिता ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में बताया कि मकान सूचीकरण के तहत प्रगणक स्व—गणना के दौरान दर्ज गलत जानकारी को संशोधित कर सकेंगे। उन्होंने लोगों से इस बीच साइबर फ्रॉड को लेकर भी सतर्क रहने की अपील की।

———बाइट———

---

केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में 37,500 करोड़ रूपये के वित्तीय परिव्यय के साथ सतही कोयला लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने की योजना को मंजूरी दी गई है। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत में प्रचुर मात्रा में कोयला उपलब्ध है।

———बाइट———

---

केंद्र सरकार ने सोने और अन्य कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ा दिया है, जो आज से प्रभावी हो गया है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सोने और चांदी पर पांच प्रतिशत और प्लैटिनम पर पांच दशमलव चार प्रतिशत आयात शुल्क लगेगा।

---

राजधानी पटना, अररिया और कटिहार समेत प्रदेश के छह जिलों में कल ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। मॉक ड्रिल के तहत कल शाम सात बजे से सात बजकर दस मिनट तक पूर्व निर्धारित नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत ब्लैक आउट किया जाएगा। पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम ने बताया कि इस दौरान आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी सार्वजनिक लाइटें बंद कर दी जायेंगी। जिलाधिकारी ने लोगों से अपने घर, दुकान और औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सभी लाइटें भी बंद रखने की अपील की है।

---

मौसम विभाग ने आज जमुई, बांका, खगड़िया, बेगूसराय, दरभंगा, समस्तीपुर और सहरसा सहित कई जिलों में बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान धूलभरी आंधी चलने की भी चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस वर्ष मानसून का आगमन निर्धारित समय से पहले होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अपने पूर्वानुमान में बताया कि अगले चौबीस घंटे के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्व जिलों में तेज हवा चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटा चल सकती है। साथ ही मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश होने की भी संभावना है।

———बाइट———

---

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में खरीफ सत्र दो हजार छब्बीस –सत्ताईस के लिए चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामले मंत्री चिराग पासवान ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सूरजमुखी बीज के एमएसपी में सबसे अधिक 622 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। इसके अलावा कपास पर 557 रुपये, रामतिल पर 515 रुपये तथा तिल पर 500 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।

---

पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में कल देर रात एसटीएफ और पटना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई तीन वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया गया। ये अपराधी किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

---

अरवल जिला की अग्निशमन पदाधिकारी रश्मी की अध्यक्षता में छत्तीस जगहों पर मॉक ड्रिल और नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। इस दौरान आग से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक किया गया।

---

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सीतामढ़ी में सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के आवास पर नेताओं और समर्थकों से मुलाकात की। श्री कुमार ने समर्थकों को संबंधित करते हुए पिछली सरकार पर काम न करने का आरोप लगाया।

---

दरभंगा शहर के रामबाग किला गेट के पास आज सुबह चेन छिनतई की घटना का विरोध कर रहे एक युवक की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, मधुबनी, वैशाली और सीवान में ग्रामीण एसपी के पद सृजन की मिली मंजूरी।

02 पश्चिमी एशिया में जारी तनाव से गहराते ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ऊर्जा संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की।

03. केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने आज बारहवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी किया।

04. और, जनगणना में मकान सूचीकरण के तहत दर्ज गलत जानकारी को संशोधित किया जा सकता है। जनगणना निदेशक रंजीता ने साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की अपील की।

---

समाप्त